आज समाज 18/02/2025

# जीएमएन कॉलेज एनएसएस यूनिट द्वारा गांव उगाड़ा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का किया आरंभ

आज समाज नेटवर्क



एनएसएस शिविर में उपस्थिति को संबोधित करते हुए।

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज अंबाला कैंट एनएसएस यूनिट द्वारा गांव उगाड़ा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आरंभ किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने बताया कि इस साप्ताहिक शिविर के अंतर्गत अनेक प्रेरक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगो जनसंपर्क एवं जन जागृति हमारी एनएसएस यूनिट का उद्देश्य है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनीश ने बताया कि इस साप्ताहिक शिविर में अनेक रैलियों, प्रतियोगिताओं एवं व्याख्यानों का आयोजन किया जाएगो हमारा उद्देश्य है कि गांव के युवाओं को अपने साथ जोड़ गांव के लोगों को नशे, पर्यावरण एवं डिजिटल शिक्षा और ऑनलाइन होने वाले फ्रॉड के बारे में जागरूक करें। डॉ सरोज बाला ने बताया कि हमारे स्वयंसेवक गली-गली जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। इस तरह के एन.एस.एस शिविर हमारे आपसी प्रेम और समरसता के लिए अति महत्वपूर्ण है। व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारने का एक महत्वपूर्ण आधार है शिविर के पहले दिन एन. एस. एस के विराट उद्देश्य एवं इतिहास के बारे में बताया गयो गांव के सरपंच ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए सभी का स्वागत किया तथा आश्वासन दिया कि गांव का प्रत्येक सदस्य आपके साथ है और यह भी कहा कि इस तरह के आयोजन गांव में जन जागृति की नई लहर पैदा करेंगे।